# जल संरक्षण के संदेश के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान का हुआ समापन

## उत्कृष्ट कार्य करने वालों का हुआ सम्मान, ग्राम पंचायत घुघुरी में आयोजित हुआ कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 30 जून, जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन एवं सम्मान समारोह ग्राम पंचायत घुघुरी स्थित नंदा तालाब परिसर में आयोजित किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि कलेक्टर संजय कुमार जैन रहे. जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों का प्रदर्शन किया गया.**



साथ ही अभियान के सफल क्रियान्वयन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले विभिन्न विभागों, ग्राम पंचायतों, स्व-सहायता समूहों, सामाजिक संस्थाओं एवं जनप्रतिनिधियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर डॉ. मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है. जनसहभागिता के माध्यम से जल स्रोतों का संरक्षण एवं संवर्धन सुनिश्चित किया जा सकता है. उन्होंने अभियान के दौरान जिले में किए गए कार्यों की जानकारी देते हुए सभी विभागों, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों के सहयोग की सराहना की. उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन किया. कलेक्टर ने जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने तथा प्रत्येक नागरिक से जल बचाने एवं जल संरचनाओं के संरक्षण में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया. उन्होंने आगामी मानसून में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान करते हुए कहा कि जल संरक्षण और वृक्षारोपण एक-दूसरे के पूरक हैं. जहां हरियाली होगी, वहीं जल संरक्षण भी प्रभावी होगा. प्रत्येक परिवार कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसके संरक्षण का संकल्प भी ले. कार्यक्रम में आयोजित प्रदर्शनी के माध्यम से अभियान के अंतर्गत जिले में कराए गए खेत तालाब निर्माण, कूप रिचार्ज, अमृत सरोवरों का विकास, चेकडेम निर्माण, नालों की सफाई, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, जल गुणवत्ता परीक्षण, नदी संरक्षण तथा व्यापक जनजागरूकता गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया. समारोह के दौरान जल संरक्षण विषय पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति भी दी गई तथा परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया. कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन, सरपंच सुमन शर्मा, समाजसेवी सुरेंद्र सिंह, अखिलेश सिंह मौजूद रहे.



# कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 30 जून, कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया.**

जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में 95 आवेदन प्राप्त हुए. कलेक्टर ने सभी आवेदनों को संबंधित विभागों को त्वरित निराकरण हेतु प्रेषित करते हुए समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. जनसुनवाई में भूमि विवाद, राजस्व अभिलेखों में सुधार, अतिक्रमण हटाने, न्यायालयीन आदेशों के पालन, सार्वजनिक पेयजल व्यवस्था, हैंडपंप एवं बोरवेल संबंधी समस्याओं, पाइपलाइन निर्माण के दौरान क्षतिग्रस्त पुलिया के पुनर्निर्माण, विद्युत एवं आधारभूत सुविधाओं, शासकीय संपत्तियों के संरक्षण, ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों तथा विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें एवं मांगें प्रमुख रूप से प्राप्त हुई. कुछ आवेदनों में लंबे समय से लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण और विभागीय कार्रवाई की भी मांग की गई. कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन का संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता के साथ परीक्षण कर नियमानुसार समयबद्ध कार्रवाई की जाए.

जनसुनवाई के दौरान एसडीम मऊगंज एपी द्विवेदी, एसडीम हनुमना मौजूद रहे.

# पुलिस की घेराबंदी देख कार छोड़ कर भागे तस्कर, नशीली कफ सिरप जब्त

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 जून, आईजी गौरव राजपूत के निर्देश पर विंध्य में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे 'प्रहार-0.2' अभियान के तहत मऊगंज जिले की नईगढ़ी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 393 शीशी प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप बरामद की है. पुलिस ने करीब 13 लाख रुपये का मशरूका जब्त किया है, जबकि तस्कर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए. आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और ड्रग्स कंट्रोल एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है.**

थाना प्रभारी नईगढ़ी गोविंद तिवारी के अनुसार, सोमवार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कटरा की ओर से मऊगंज की तरफ ग्रे रंग की कार में अवैध नशीली कफ सिरप लेकर कुछ लोग बिक्री के लिए आ रहे हैं. सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उप निरीक्षक गोविंद प्रसाद तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पहिलपार मोड़ के पास वाहन चेकिंग शुरू की. जांच के दौरान संदिग्ध कार को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन चालक ने वाहन की रफ्तार बढ़ा दी. भागने के दौरान कार सड़क किनारे खंभे से टकराई, इसके बावजूद आरोपी वाहन लेकर ग्राम कोट की ओर भाग निकले और दहिया नाला के पास आरोपियों ने कार छोड़ दी और अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए. पुलिस ने पीछा किया, लेकिन आरोपी हाथ नहीं आए. कार की तलाशी लेने पर डिग्गी में रखी दो बोरियों से 393 शीशी नशीली कफ सिरप बरामद हुई. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओ के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है.

# रोजगारपरक मीडिया कोर्सेज की पहली पसंद बना एमसीयू रीवा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 जून, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय का रीवा परिसर देश और प्रदेश के विद्यार्थियों के लिए मीडिया शिक्षा के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा है.**

शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए चल रही ऑनलाइन प्रक्रिया में विद्यार्थियों के बड़ी संख्या में आवेदन आ रहे हैं. रीवा परिसर की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यहाँ मध्य प्रदेश सहित झारखंड, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और बिहार जैसे विभिन्न राज्यों के विद्यार्थियों ने भी प्रवेश के लिए बढ़-चढ़कर आवेदन किया है. विश्वविद्यालय के जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, छात्रों के इसी भारी उत्साह और मांग को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रवेश की अंतिम तिथि आगे बढ़ा दी है. इच्छुक छात्र अब विश्वविद्यालय के पोर्टल पर 10 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. गौरतलब है कि रीवा परिसर में उपलब्ध कुल सीटों में से 60 फीसदी सीटें पहले ही भर चुकी हैं.

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत मेधावी बालिकाओं का किया गया सम्मान

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 जून, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत प्रथम त्रैमास की निर्धारित गतिविधि कैलेण्डर के अनुसार कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में मेधावी बालिका सम्मान समारोह का आयोजन किया गया.**



कार्यक्रम में जिले की विभिन्न प्रतिभाशाली बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों एवं उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया. समारोह के दौरान छोटी-छोटी बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत कथक नृत्य ने उपस्थित जनसमूह का विशेष रूप से मन मोह लिया. बालिकाओं ने गूंज महोत्सव में सहभागिता कर अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा एवं आत्मविश्वास का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें भाषण, नृत्य, गायन, वादन एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल रहीं. प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. कार्यक्रम के माध्यम से बालिकाओं को आत्मनिर्भरता, शिक्षा एवं सामाजिक सहभागिता के प्रति प्रेरित किया गया. कार्यक्रम का आयोजन अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह के मार्गदर्शन में समाज सेविका सीमा श्रीवास्तव के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ. उपस्थित अधिकारियों एवं अतिथियों द्वारा बालिकाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने, आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य प्राप्त करने तथा समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया. कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, अभिभावक मौजूद रहे.

## प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आज

मऊगंज, 30 जून, मऊगंज जिले में स्कूल चलें हम अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत एक जुलाई को स्कूलों में प्रवेशोत्सव एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य प्रत्येक बालक-बालिका का विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करना, विद्यालय छोड़ चुके बच्चों को पुन: शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना तथा शिक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना है. जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम सीएम राइज विद्यालय, मऊगंज में आयोजित किया जाएगा.

# गन्दगी करने वालों के खिलाफ की गई कार्यवाही

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 जून, निगम आयुक्त अक्षत जैन के निर्देशानुसार नगर निगम रीवा की स्वच्छता टीम द्वारा शहर में सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई.**



इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 27 एवं 40 में विशेष स्वच्छता अभियान चलाते हुए स्पॉट फाइन की कार्रवाई की गई. टीम द्वारा एसएएफ चैराहा से धोबिया टंकी तक भ्रमण कर निरीक्षण किया गया. इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने, नालियों में अपशिष्ट डालने तथा सड़क किनारे गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई. इस दौरान कुल रूपये 12,250 की स्पॉट फाइन राशि वसूल की गई. निगम द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे शहर की स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें, दुकानों में समुचित रूप से डस्टबिन का प्रयोग करें एवं सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फैलाएँ. नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी. कार्रवाई के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी मुरारी कुमार, स्वच्छता निरीक्षक आकाश वर्मा मौजूद रहे.

# मेडिकल नशे का कारोबारी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 जून, नशीली कफ सिरप की तस्करी के मामले में बीते 1 वर्ष से फरार तस्कर को रीवा जिले की बैकुंठपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 5000 रुपए का इनाम घोषित किया गया था. बैकुंठपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपी को पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया जा रहा है.**

बैकुंठपुर थाना प्रभारी श्रृंगेश राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि 22 मार्च 2025 को बैकुंठपुर के तात्कालिन थाना प्रभारी को मुखवीर से सूचना मिली थी कि दो कार में नशीली कफ सिरप की खेप लेकर तस्कर रीवा की ओर जा रहे है. जिसके बाद बैकुंठपुर पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों कारों को पकड़ा था इस दौरान का सवार युवक भाग निकले थे. पुलिस ने कार की तलासी के दौरान उसमें से 1400 सीसी नशीली कफ सिरप जप्त की थी जबकि कार नंबर के आधार पर एक आरोपी की पहचान सत्येंद्र द्विवेदी निवासी बेलौहन टोला थाना सामान जिला रीवा के रूप में की गई थी. आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक रीवा द्वारा 5000 रुपए का इनाम घोषित किया गया था. थाना प्रभारी ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और पूछताछ के लिए थाने लाया गया है. पकड़े गए आरोपी सत्येंद्र द्विवेदी के ऊपर पूर्व से 14 मामले दर्ज है उसके अन्य साथियों के संबंध में पूछताछ की जाएगी इसके लिए न्यायालय से एक दिन की पुलिस रिमांड ली जाएगी.

# सेवानिवृत्त होने पर नगर निगम में दी गई विदाई

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 जून, नगर पालिक निगम रीवा में पदस्थ सहायक यंत्री जल प्रदाय एसएन द्विवेदी, स्थायी कर्मी शिवप्रसाद पाण्डेय, सफाई संरक्षक रामू नत्थू एवं श्रीमती अनीता सुंदर की सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में विदाई समारोह का आयोजन किया गया.**



इन कर्मचारियों की अधिवार्षिकी सेवा 30.06.2026 को पूर्ण होने पर आयोजित इस समारोह में उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी एवं एम.एस. सिद्दीकी द्वारा उन्हें शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया. विदाई समारोह के अवसर पर अधिकारियों ने अपने उद्बोधन में सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए उनके सुखद, स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की. इस अवसर पर नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके साथ अपने कार्यानुभव साझा किए तथा उनके सफल जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं. इस दौरान कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह, एचके त्रिपाठी, सिद्धार्थ सिंह, सहायक आयुक्त रामनरेश तिवारी, केएन साकेत, सहायक यंत्री पीएन शुक्ला, राजेश मिश्रा, कमलेश्वर सिंह, अभिनव चतुर्वेदी, स्वास्थ्य अधिकारी मुरारी कुमार, दीपक सिंह तोमर, एआरओ हेमन्त त्रिपाठी, नीलेश चतुर्वेदी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारियों के साथ सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन भी उपस्थित रहे.

# सेवानिवृत्त होने पर कनिष्ठ लेखाधिकारी राकेश तिवारी को दी गई विदाई

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 जून, अनु0 जाति, जनजातीय कार्य विभाग रीवा में पदस्य राकेश तिवारी कनिष्ठ लेखाधिकारी के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान के साथ विदाई दी गई. सागर गैरे रेस्टोरेंट में साल-श्रीफल के साथ सम्मान किया गया. श्री तिवारी बेहद सरल स्वभाव और अपने कार्य के प्रति निष्ठावान रहे है. हर किसी की मदद सदैव करते रहे है चाहे विभागीय सहयोगी हो या विभाग के बाहर हो. विदाई का पल बेहद भावुक रहा.**



कार्यक्रम का आयोजन आ0 जा. क विभाग के जिला संयोजक डॉ, के. के पाण्डेय, जिला संयोजक मऊगंज एन. के. सिंह मरकाम एवं डॉ. प्रभाकर तिवाठी प्राचार्य कन्या शिक्षा परिसर के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ. श्री तिवारी के बिदाई समारोह में आ-जा. क. विभाग के रीवा एवं मऊगंज के समस्त अधि0/कर्मचारी उपस्थित रहे. विदाई समारोह के दौरान सभी अधिकारियों ने श्री तिवारी को स्वास्थ्य, दीर्घायु और खुशहाल जीवन की शुभकामनाएं दी. साथ ही श्री तिवारी के साथ कार्य करने का अनुभव को व्यक्त किया. हर कार्य को बेहद जिम्मेदारी से करने के साथ विभाग की छवि को साफ-स्वच्छ बनाये रखने में अहम भूमिका निभाई. विदाई समारोह के दौरान राकेश तिवारी बेहद भावुक हो गये. उनकी पत्नी और बच्चे भी समारोह में पहुंचे थे. इस दौरान उन्होने अपने सेवाकाल के अनुभव एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिये गये सहयोग को याद किया और कहा कि काम के प्रति हमेशा लगना और निष्ठा होनी चाहिये.

# 87 किलो गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 जून, रीवा जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पनवार थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है. मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी प्रवीण उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम खारा के जोरी टोला में दबिश देकर भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है. पुलिस को सूचना मिली थी कि शंकर लाल कोल के घर स्थित भूसे वाले मकान में अवैध मादक पदार्थ छिपाकर रखा गया है.**

सूचना के आधार पर जब पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तलाशी ली तो भूसे के नीचे छिपाकर रखा गया 87 किलो गांजा बरामद हुआ. बरामद गांजे की मात्रा और कीमत को देखते हुए यह कार्रवाई क्षेत्र की बड़ी मादक पदार्थ विरोधी कार्रवाई मानी जा रही है. मामले में पुलिस ने शंकर लाल कोल पिता सोमनाथ कोल एवं पुनीत सिंह पिता राजन सिंह डोडा को गिरफ्तार कर लिया है. दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया. पुलिस अधिकारियों के अनुसार इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश की जा रही है.

# चौथी-पांचवीं का छात्र पढ़ना-लिखना नहीं जानता तो प्राचार्य और शिक्षक होंगे जिम्मेदार, होगी कार्रवाई : सिंह

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 जून, संभागायुक्त शीलेन्द्र सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि स्कूलों में केवल बच्चों का नामांकन कर देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर पढ़ना-लिखना सिखाना शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन की प्राथमिक जिम्मेदारी है.**

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि निरीक्षण के दौरान कक्षा चौथी या पांचवीं का कोई छात्र पढ़ना-लिखना नहीं जानता पाया गया तो इसे विद्यालय की गंभीर लापरवाही माना जाएगा और संबंधित प्राचार्य एवं शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी. कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए संभागायुक्त ने कहा कि शासन का उद्देश्य केवल बच्चों को स्कूल तक लाना नहीं, बल्कि उन्हें आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण और प्रभावी शिक्षा उपलब्ध कराना है. बच्चे देश का भविष्य हैं और उनकी शिक्षा की गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा. उन्होंने कहा कि वह स्वयं विद्यालयों का निरीक्षण करेंगे और यदि शिक्षण व्यवस्था में लापरवाही मिली तो जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी. बैठक में संभागायुक्त ने सभी विभागों के अधिकारियों को अपने कार्यों



की नियमित समीक्षा करने, समस्याओं का समयबद्ध समाधान निकालने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को पूरी गंभीरता से निभाए और यह सुनिश्चित करे कि आम नागरिक को योजनाओं का लाभ बिना किसी अनावश्यक विलंब के मिले.

सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान संभागायुक्त ने सौ दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त की. उन्होंने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ऊर्जा, स्वास्थ्य, राजस्व सहित अन्य विभागों को लंबित प्रकरणों का संतोषजनक एवं समयबद्ध निराकरण करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि विभागीय रैंकिंग में सुधार तभी संभव होगा जब शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान प्राथमिकता के साथ किया जाए. कृषि विभाग की समीक्षा में संभागायुक्त ने किसानों को समय पर और उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया.

उन्होंने संयुक्त संचालक कृषि को निर्देश दिए कि अधिक कीमत पर खाद बेचने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए. साथ ही किसानों को उर्वरकों के संतुलित उपयोग तथा प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूक किया जाए. वर्षाकाल को देखते हुए संभागायुक्त ने समीक्षा की.